## एक महिला सहित दो आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने दर्ज किया मामला

# नाबालिगों को बेचने वाले गिरोह को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में भी अब नाबालिक बच्चों को खरीदने बेचने वाला गिरोह सक्रिय हो गया है ऐसा ही मामला आज देहात थाना अंतर्गत देखने को मिला जंहा देहांत थाना पुलिस ने नाबालिक बच्चों को खरीदने एवं बेचने वाले गिरोह को दबोचा हैपुलिस विभाग द्वारा इन दिनों नाबालिको की दस्तयाबी के लिये विशेष अभियान चलाने छिन्दवाड़ा जिले से समस्त थानो को निर्देशित किया गया था जो थाना प्रभारी देहात निरीक्षक ने पुलिस टीम गठित कर नाबालिको की दस्तयाबी हेतु एक विशेष अभियान चलाया जा रहा था.जिसमें देहांत थाना पुलिस को सफलता मिलीघटना का सक्षिप्त विवरण एक फरियादी सरला पति प्रताप यादव निवासी गुरैया ने रिपोर्ट लेख कराई थी कि दिनांक 05.07.2025 सुबह करीबन 11बजे मेरे घर मे गुरैया के रहने वाले रितेश यादव एवं उसकी पत्नि आई और कहने लगी कि तुम्हारी लडकी को खाना बनाने तीन दिन के लिये ले जाना है पहले भी वे लोग मेरी लडकी को खाना बनवाने ले गये थे इसलिये मैने अपनी नाबालिक लडकी को जाने दिया जब तीन दिन तक मेरी लडकी वापस नही आई थी तो मेरे द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई उसके बाद थाना देहात में अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था दौरान विवेचना के मुखबिर तंत्र एंव सायबर सेल की मदद से देहात पुलिस ने अपहर्ता को ग्राम नीमखेडा जिला दमोह से दस्तयाब किया था जो पूछताछ पर अपहर्ता द्वारा गुरैया के रहने वाले रितेश यादव एवं उसकी पत्नि निधि यादव के साथ मिल कर सागर की एक महिला दलाल की मदद से अपहर्ता को बरमान में दमोह जिला के कमलेश लोधी को 80 हजार रूपये में बेच दिये थे जो देहात पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता एंव संदेशीलता को देखते हुये तत्काल आरोपियो को अलग-अलग जगह से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है..गिरफ्तार आरोपी:1 रितेश यादव पिता अशोक यादव उम्र 21 वर्ष निवासी गुरैया जिला छिन्दवाड़ा (2) निधी यादव पति रितेश यादव उम्र 21 वर्ष निवासी गुरैया छिन्दवाड़ा (3) कमलेश लोधी पिता अजुद्दी लोधी उम्र 21 वर्ष निवासी नीमखेडा थाना बटियागढ जिला दमोह (म.प्र.)पुलिस विभाग में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका निरी.जी.एस. राजपूत, उनि वर्षा सिंह, सउनि. संदीप सिंह राजपूत, प्र.आर.801 मंगलसिंह, सायबर सेल प्र. आर. 811 नितिन, 542 आदित्य आर. 779 सौरभ बघेल , आर. 640 महेश म.आर.320 रानू म.आर. 264 प्रमीला थाना देहात छिन्दवाड़ा जिला छिंदवाड़ा

## पांडूपिपरिया खाद वितरण केन्द्र का निरीक्षण

# छिंदी में हुआ कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

अमरवाड़ा विधानसभा के अंतर्गत आने वाले छिंदी ब्लॉक में नवनियुक्त कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र से बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण सम्मिलित हुए। क्षेत्र के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी साथ ही नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने कहा कि सभी कांग्रेस के सच्चे व निष्ठावान सिपाही है इसीलिये आज यहां उपस्थित है। उन्होंने उपस्थित कांग्रेसजन से कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों का खुलकर विरोध करें, किसी से भी डरने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि माननीय कमलनाथ जी एवं माननीय नकुलनाथ जी हमारे साथ है। आयोजित कार्यक्रम के उपरांत जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, कार्यकारी अध्यक्ष गोविंद राय, अमरवाड़ा विधानसभा प्रभारी अजय मैद व जिला पंचायत सदस्य नवीन मरकाम ने पांडूपिपरिया के खाद वितरण केन्द्र का औचक निरीक्षण किया तो यहां उपस्थित किसानों ने बताया कि उन्हें एक-एक बोरी खाद दिया जा रहा है जो की पर्याप्त नहीं है। श्री ओकटे ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी लगातार जिलेभर में खाद वितरण केन्द्रों का इसी तरह औचक निरीक्षण करेंगे और किसानों की आवाज बनकर उनकी मांगों को पूरा करने की लड़ाई लड़ेंगे।

## जनप्रतिनिधियों व स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा किया गया पौधारोपण

**छिन्दवाड़ा।** सीएमएचओ डॉ.नरेश गोन्नाड़े, सीबीएमओ डॉ.संजय राय एवं जिला स्वास्थ्य मीडिया अधिकारी डॉ.प्रमोद वासनिक के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य संस्था निशान दरयाव में गत दिवस पौधारोपण कार्य किया गया । इस कार्य में मुख्य रूप से तहसीलदार मोहखेड़ श्रीमती मीना दसरिया, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री राजेंद्र कुमरे, ग्राम पंचायत सरपंच श्री मुकेश कुमरे, ग्राम बॉडी के जनप्रतिनिधि श्री राजू पवार एवं डब्ल्यूएचओ के जिला एनसीडी समन्वयक श्री उमाशंकर पवार की उपस्थिति रहीं एवं इनके द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । इस दौरान संस्था प्रभारी डॉ.नागेंद्र सूर्यवंशी, एमपीडब्ल्यू श्री सम्पत राव नागरे, एएनएम श्रीमती वर्षा ठाकरे, आशा सुपरवाइजर श्रीमती अर्चना पवार, समस्त आशा कार्यकर्ता श्रीमती यशोदा कुमरे, श्रीमती सुनीता पवार, श्रीमती मंगला उईके, श्रीमती ममता गजभिये, श्रीमती सविता पवार, श्रीमती सुनीता साहू एवं श्रीमती विद्या इनवाती द्वारा भी पौधे लगाए गए ।

# खनिज मद की राशि वितरण में प्रशासन ने किया पक्षपातः ओकटे

## पूर्व मुख्यमंत्री को जिला कांग्रेस ने लिखा महत्वपूर्ण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

भाजपा की सरकार और भाजपा के नेताओं से प्रेरित, भाजपा के राजनीतिक दृष्टिकोण से कार्य करने वाले जिला कलेक्टर के द्वारा खनिज मद की राशि में जमकर अनियमितता की है। विधानसभावार आवंटित की गई राशि में पक्षपात साफ नजर आ रहा है। इसीलिये अविलम्ब राशि वितरण पर रोक लगाई जानी चाहिए। इस आश्य का एक पत्र मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी को जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा प्रेषित किया गया है। उक्त उदगार जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में व्यक्त किए हैं। जारी प्रेस विज्ञप्ति में श्री विश्वनाथ ओकटे ने कहा कि 15 करोड़ रुपए की राशि को विधानसभावार आवंटित किया गया है जिसमें पक्षपात साफ नजर आ रहा है। उन्होंने आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया कि छिन्दवाड़ा विधानसभा को 3 करोड़, सौंसर-पांढुर्ना विधानसभा को 2.66 करोड़, अमरवाड़ा विधानसभा को 8.84 करोड़ की राशि आवंटित की गई है। जबकि चौरई, परासिया एवं जामई विधानसभा इसमें शामिल नहीं है। जिला कलेक्टर ने राशि वितरण में यह भी साफ कर दिया कि वे भाजपा से प्रेरित होकर कार्य कर रहे हैं इसीलिये उन्होंने भाजपा के विधायक वाली अमरवाड़ा विधानसभा को कुल मद की राशि का 60 प्रतिशत 8.84 करोड़ रुपए आवंटित कर दिए हैं। श्री ओकटे ने आगे कहा कि जिलाधिकारी के द्वारा छिन्दवाड़ा विधानसभा में भी राशि आवंटन में भारी भेदभाव किया है। आवंटित राशि 3.04 करोड़ रुपए की राशि में से सिर्फ तीन पंचायतों को मद की कुल राशि का 61 प्रतिशत 1.84 करोड़ रुपए आवंटित कर दिया है। जैसे पुलपुल डोह को 1.25 करोड़, भाजीपानी पंचायत 25 लाख, मेघासिवनी 25 लाख की राशि आवंटित की गई है। जबकि छिन्दवाड़ा जनपद की 55 पंचायतों में से 32 पंचायतों को मद की बची हुई 39 प्रतिशत राशि 1.19 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।

## शासकीय बालक उ.मा.वि. चाँद में छात्रों ने नशा मुक्ति अभियान के तहत किया निबन्ध लेखन

**छिन्दवाड़ा।** /कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस. बघेल के मार्गदर्शन में प्राचार्य श्री महेश कुमार रघुवंशी के नेतृत्व में छात्रों ने नशामुक्ति अभियान के तहत निबन्ध लेखन किया । कार्यक्रम प्रभारी व राज्यपाल पुरुस्कृत शिक्षक श्री राकेश कुमार मालवीय ने बताया कि आज सीसीएलई गतिविधि के अंतर्गत एवं नशामुक्ति पखवाड़ा के तहत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चाँद में छात्रों द्वारा विषय- 'नशा से बर्बाद होता युवा' पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने नशा से आर्थिक-शारीरिक-मानसिक-चारित्रिक नुकसान को उल्लेखित किया और इससे बचाव के उपाय भी लिखे। इसके पूर्व छात्रों को शपथ दिलाई गईं कि उनके सर्वांगीण विकास के लिए वह हमेशा नशे से दूर रहेंगे।



## बस-ऑटो पर चस्पा पोस्टर और नुक्कड़ नाटक से गूंजा नशामुक्ति का संदेश

**छिन्दवाड़ा।** मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार 15 से 30 जुलाई 2025 तक "नशे से दूरी है जरूरी" विषय पर जिले में विशेष जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक श्री अजय पांडेय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आयुष गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रदेश स्तरीय 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान के अंतर्गत आज 19 जुलाई 2025 को जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में शासकीय वाहनों एवं परिवहन यथा ऑटो बस रिक्शा पर नशामुक्ति के पोस्टर चस्पा किए गए एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने के संबंध में समझाईश दी गई । जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में परिवहन करने वाले वाहनों के माध्यम से आमजन तक नशा मुक्ति का संदेश पहुँचाने के लिये पोस्टर चस्पा कर व्यापक जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। साथ ही सामाजिक न्याय विभाग के सहयोग से नशे में लिप्त व्यक्तियों के लिये परामर्श व चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने की जानकारी दी गई। थाना/चौकियों द्वारा आयोजित किये गये कार्यक्रम- पुलिस थाना कोतवाली द्वारा चन्दनगांव में सामाजिक न्याय विभाग के शासकीय कला पथक दल के प्रमुख कलाकार श्री नरेंद्र पाल एवं टीम के द्वारा नशा मुक्ति के लिये नुक्कड़ नाटक एवं संगीत प्रस्तुति के माध्यम से जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन थाना प्रभारी कोतवाली श्री आशीष धुर्वे के द्वारा किया गया, जिसमें नशे से होने वाले दुष्परिणामों को नाट्य रूप में दर्शाया गया। उपस्थित जनसमूह को टी-शर्ट, कैप व बैच वितरित कर "नशे से दूर रहने" की शपथ दिलाई गई।

# कुछ दिनों से नहीं हो रही बारिश, बढ़ रही उमस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी



शहर में बीते कुछ दिनों से पर्याप्त बारिश न होने से लोगों को उमस का सामना करना पड़ रहा है। लोग पंखे, कूलर का सहारा लेने को फिर से मजबूर हो गए है। आगामी दिनों में अच्छी बारिश होने की आशंका जताई जा रही है।

जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 446.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 363.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 19 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 5.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 19 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील मोहखेड़ में 16.4 और चांद में 49 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 335.4, मोहखेड़ 406.7, तामिया में 478, अमरवाड़ा में 531.6, चौरई में 427.4, हर्रई में 673.3, बिछुआ में 351.6, परासिया में 299.5, जुन्नारदेव में 453.8, चांद में 460.5 और उमरेठ में 512.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# संचार कॉलोनी में बनेगी 40 लाख की सड़क

## संचार कॉलोनी वार्डवासियों की वर्षों पुरानी मांग सांसद की पहल पर हुई पूरी




हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

छिन्दवाड़ा के वार्ड नं. 40 में स्थित संचार कॉलोनी के निवासियों की वर्षों पुरानी मांग सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर पूरी हो गई है। संचार कॉलोनी के निवासी उनकी कॉलोनी में वर्षों से सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे। पिछले दिनों कॉलोनी वासियों ने इस संबंध में सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात करते हुये कॉलोनी में सड़क निर्माण की मांग की थी। सांसद की पहल पर कॉलोनी में सीएम इन्फ्रा के अंतर्गत 40 लाख की लागत से 419 मीटर सी.सी. सड़क का निर्माण किया जायेगा। शनिवार को भाजपा के मंडल अध्यक्षों और प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति में भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने सड़क निर्माण के लिए भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुये भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार विकास के लिए कृतसंकल्पित है। आज संचार कॉलोनी वासियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो रही है। सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर निगरानी रखते हुये कॉलोनी वासियों को भी अपनी जिम्मेदारी निभाना चाहिए। मंडल अध्यक्ष श्रीमती लीला बजोलिया ने कहा कि सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से कॉलोनी वासियों की वर्षो पुरानी मांग पूरी हो सकी है। इस सड़क के निर्माण से कॉलोनीवासी सहित लोनिया होते हुये सब्जी मंडी आने वाले लोंगो को सुविधा हो सकेगी। उन्होंने कहा कि महापौर विक्रम अहके और शजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव का शहर के विकास में लगातार सहयोग मिल रहा है। उन्होंने बताया कि यह सड़क छिन्दवाड़ा-गुरैया मुख्य मार्ग से संचार कॉलोनी होते हुये लोनिया करबल पहुंच मार्ग तक बनेगी।

**कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित :** संचार कॉलोनी में सी.सी. सड़क के भूमिपूजन के अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नवीन बारस्कर, सभापति जगेन्द्र अल्ड़क, चन्द्रभान देवरे, प्रमोद शर्मा, राहुल बंटी उइके, पार्षद श्रीमती शिवानी बंटी सक्सेना, भूरा भावरकर मौजूद रहे।

# पीने योग्य पानी के लिए एसडीएम से लगाई गुहार



हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

नगर पंचायत न्यूटन के वार्ड 14 और 15 के लोगों ने पीने योग्य पानी के लिए एस डी एम से गुहार लगाई । इस क्षेत्र के लोगों द्वारा एस डी एम को ज्ञापन सौंपकर पंचायत से साफ पानी की सप्लाई करवाने की मांग रखी है वार्ड वासी भूतपूर्व पार्षद राजा , लल्लन वर्मा , रुस्तम खान , सोनू पंडित , बबलू त्रिवेदी , राजू त्रिवेदी , नीरज बरमैय्या , शरीफ खान , अलाउद्दीन खान , पुत्ती लाल ने बताया , कि विगत डेढ़ वर्षो से उन्हें गंदा और दूषित पानी पीने को मिल रहा है । जिसकी वजह से चर्म रोग हो रहे हैं । कपड़े धोने पर कपड़े पीले हो जा रहे हैं । वहीं नगर पालिका द्वारा टेंपरेरी पीने के पानी की व्यवस्था जो बनाई गई हैं , फिल्टर प्लांट होने के बाद भी वार्ड वासियों को शुद्ध पानी नहीं उपलब्ध हो रहा है । इस मामले में नगर परिषद सीएमओ से भी वार्ड वासियों ने चर्चा की सीएमओ ने दो - तीन दिन का आश्वासन दिया । वेकोली महा प्रबंधक द्वारा भी फ़िल्टर प्लांट लगवाने को कहा गया था , उसका भी कुछ अता - पता नहीं हैं ।

## परासिया पुलिस ने अमरवाड़ा से पकडे दी इनामी वारंटी

**परासिया :** परासिया पुलिस ने अमरवाड़ा थाना क्षेत्र से दो स्थाई इनामी वारंटियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है । इनमें एक पुरुष और एक महिला है । पुलिस ने बताया , कि पुलिस अधीक्षक अजय पांडे व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जितेंद्र सिंह जाट के नेतृत्व में थाना परासिया पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 02 इनामी स्थाई वारंटी की गिरफ्तारी थाना प्रभारी परासिया निरीक्षक संजय भलावी द्वारा गठित टीम ने दिनांक 19 जुलाई को विश्वसनीय मुखबिर सूचना पर स्थाई इनामी वारंटी प्रताप यादव स्थाई निवासी वार्ड नंबर 14 बीएसएनएल टावर के पास थाना अमरवाड़ा। (घोषित इनाम 5000) व सरस्वती बाई स्थाई निवासी ग्राम बगला थाना अमरवाड़ा । (घोषित इनाम 1000 ) थाना अमरवाड़ा क्षेत्र से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया । इस कार्य में उनि. रवेंद्र ठाकुर , प्र.101 पूनम ठाकुर ,आर.309 संजय बघेल व म.आर.726 शिवकुमारी पाल का विशेष योगदान रहा ।

# नगर पंचायत न्यूटन द्वारा बांटी गई बरसाती



हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

नगर परिषद न्यूटन चिखली में शनिवार को अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष द्वारा निकाय में कार्यरत स्वच्छता मित्रों एवं फील्ड पर कार्य करने वाले राजस्व , जलप्रदाय एवं विद्युत शाखा के कर्मचारियों को बरसात से सुरक्षा हेतु बरसाती प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

इस अवसर पर अध्यक्षा अनुपमा राय ने कहा , कि नगरीय निकाय द्वारा अनेक ऐसे मूलभूत कार्य किये जाते हैं , जिन कार्यों को किये जाने हेतु निकाय कर्मचारियों को 24 घंटे और सातों दिन कार्य करना पड़ता है । फिर चाहे धूप हो , ठंड हो या बरसात हो । नगर में कहीं बारिश का पानी भर गया हो या नाली जाम हो गई हो सफाई कर्मचारी गिरते पानी में कार्य कर व्यवस्था बनाते हैं।

इसी प्रकार पेयजल आपूर्ति एवं नगर की प्रकाश व्यवस्था में संलग्न कर्मचारी भी सभी मौसम में अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं । नगर परिषदvअध्यक्ष अनुपमा हेमन्त राय ने बताया कि निकाय में पदस्थ समस्त कर्मचारी पूरी निष्ठा और लगन से अपना कार्य कर रहे हैं । बरसात में कर्मचारियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा की दुष्टि से ही आज परिषद् की ओर से स्वच्छता मित्रों एवं फील्ड पर कार्य करने वाले राजस्व, जलप्रदाय एवं विद्युत शाखा के कर्मचारियों को बरसाती प्रदान की गई है।

वर्तमान परिषद् कर्मचारियों के हित में कार्य कर रही है। साथ ही वें कर्मचारियों से अपेक्षा करती हैं , कि वे भी अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करें और जनता की कसौटी पर खरा उतरें । जनता को शिकायत का मौंका न दें ।

मुख्यनगरपालिका अधिकारी ने कहा कि कर्मचारियों फील्ड कर्मचारियों को पूरी लगन के साथ अपना कार्य किये जाने के लिये प्रोत्साहित किया गया हैं। साथ ही आगामी बरसात के दिनों में नगर की सफाई, बिजली और पानी की मूलभूत सुविधायें सुचारू सुचारू तौर चलाये रखने हेतु रूपरेखा कर्मचारियों को बताई जिसके अनुसार कार्य किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## बीआरसी कार्यालय का मामला, असहाय नजर आए अधिकारी

# सचिव की मनमानी के चलते फेसिंग तोड़कर उखाड़े गए सागौन के पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया



प्रदेश सरकार हरियाली महोत्सव के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम 2,0 के तहत पौध रोपण कार्यक्रम प्रदेश भर में चल रहा है, जिसके अंतर्गत सभी विभागों को ज्यादा से ज्यादा पौधे रोपण कर इस अभियान को सफल बनाने प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। लेकिन तामिया जनपद की मुख्यालय ग्राम पंचायत त तामिया सचिव इसके एकदम विपरीत आचरण अधिकारियों के दम पर अपनाये हुए हैं क्योंकि ये अधिकारियों के चहेते एवं कमाऊ पूत जो माने जाते हैं उसका प्रत्यक्ष उदाहरण है कि डोब ग्राम पंचायत में तैनाती होने के बाद तामिया का अतिरिक्त प्रभार इन्हें जिला पंचायत कार्यालय ने दे रखा था। बस यहीं से इन्होंने इस पंचायत में चल रहे निर्माण कार्यों में जमकर लूटपाट एवं फर्जीवाड़ा किया लेकिन अब नए सचिव की नियुक्ति के बाद अपनी मूल पंचायत जाने निर्देशित किया गया। लेकिन वे जिला पंचायत के आदेशों का खुला उल्लंघन कर तामिया में मनमाने तरीके से निर्माण कार्य फिर भी कर रहे है। अधिकारियों की मिली छूट के नतीजन अब चंद रूपयो के लालच के चक्कर में हरे भरे बेश कीमती इमारती सागौन के पेड़ को भी रौदने एवं उखाड़ने जैसे कृत्य भी कर डाले। इतने से भी इनका मन नहीं भरा तो इन्होंने आज अनावश्यक रूप से बीआरसी ट्रेनिंग हाल के पीछे वन रही रिटर्निंग वाल में चंद क्यूबिक मीटर कांक्रीट के लिए इन्होंने जेसीबी मशीन से आज दोपहर 2:00 बजे के लगभग एक दर्जन सागौन पेड़ जो बीआरसी कार्यालय में वृक्षारोपण के तहत लगाए थे, उन्हें जेसीबी मशीन से उखाड़ कर फेंक दिया। इनके हौसले की तारीफ भी करनी होगी कि उन्होंने फेंसिंग जाली भी तोड़ डाली, लेकिन इनके रसूख के आगे बीआरसी तामिया असहाय नजर आए और भी चाह कर भी सचिव का विरोध अपने ही कार्यालय में परिसर के पेड़ रौदने एवं उखाड़ने पर जनपद एवं ग्राम पंचायत को पत्र लिखने का साहस नहीं जुटा पाए जिससे समझा जा सकता है कि सचिव एक पेड माँ अभियान के नाम पर बीआरसी की जिम्मेदारी पौधारोपण करवाने की भी है वह कैसे निभाएंगे जब अपने ही परिसर में लगे सागौन के पेड़ नहीं बचा पाए। वृक्षारोपण अभियान कैसे कर पाएंगे। इस पर तामिया पंचायत सचिव ने सवालिया निशान खड़े कर डाले हैं।

## इमलीखेड़ा में पौधारोपण

**छिंदवाड़ा।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र छिन्दवाड़ा के महाप्रबंधक श्री आर.एस. उईके द्वारा आज जिले के उद्योगपतियों के साथ औद्योगिक क्षेत्र इमलीखेड़ा छिंदवाड़ा में ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। इस दौरान मेसर्स राघव इण्डस्ट्रीज, मेसर्स महालक्ष्मी इण्डस्ट्रीज, मेसर्स गिरीराज इण्डस्ट्रीज, मेसर्स ओम पाईप एवं मेसर्स अग्रवाल कंस्ट्रक्शन में पौधारोपण कार्य किया गया।

Raja Shankar Shah University, Chhindwara
IPS COLLEGE
JOIN EXCLUSIVE COURSE
Serving Edu. for the Past 25 YEAR
ADMISSION OPEN
MICROBIOLOGY B.Sc. Honor's / M.Sc.
BIOTECHNOLOGY B.Sc. Honor's / M.Sc.
B.Sc. Honour's Maths / Bio / Comp.
B.C.A. MCU
B.B.A. Honour's AICTE APPROVED COURSE
B.A. Honour's Computer
M.Sc. CS MCU
DCA/PGDCA
B.Com. Honour's Computer
M.Com
Excellent Placement Record
In Front of S.A.F. Gate,Parasia Road, Chhindwara Mob.- 9752880383,9753304877, 7898075114

## सांसद विवेक बंटी साहू द्वारा रामेश्वरम धाम में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

# पूर्व विधायक ने सुंदर कांड पाठ व भुट्टा पार्टी में की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष विधायक पं रमेश दुबे जी सपत्नी श्रीमति सीता दुबे एवं भाजपा नेताओं के साथ क्षेत्र के सिहोरा माल स्थित रामेश्वरम धाम पहुंचकर सांसद मान विवेक बंटी साहू जी द्वारा आयोजित सुंदरकांड पाठ व भुट्टा पार्टी में सहभागिता की ।

दुबे जी ने दर्शन कर क्षेत्र एवं जिलेवासियों की खुशहाली की कामना की साथ ही मान दुबे जी ने सांसद जी को छिंदवाड़ा से श्री दादाजी धुनी वाले खंडवा दरबार तक सफलतम पदयात्रा पर शुभकामनाएं दी और जिले भर से पहुंचे पार्टी के वरिष्ठ नेताओ जनप्रतिनिधियो व कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना । साथ ही मान दुबे जी की पूर्व राज्यपाल अनुसुइया उईके जी, पूर्व जिलाध्यक्ष श्री नरेंद्र राजू परमार, पूर्व जिलाध्यक्ष श्री दौलत सिंह ठाकुर, पूर्व विधायक श्री अजय चौरे, श्री नरेंद्र साहू, श्री संतोष जैन समेत अन्य भाजपा नेताओं से भी मुलाकात हुई ।इस अवसर पर लोधी समाज जिलाध्यक्ष अतरलाल पटेल,



जनपद अध्यक्ष सरोज राधेश्याम रघुवंशी, जंप उपाध्यक्ष शैलकुमारी कमलेश वर्मा, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष वीरपाल इनवाती, जंप उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे, मंडल अध्यक्ष नीरज ठाकुर, शैलेश चोपड़े, धरम वर्मा, गोपाल कवरेती, मदन राय, विजेंद्र ठाकुर वरिष्ठ नेता सुरेश शर्मा, अजब सिंह पटेल, बलवंत वर्मा, श्रीराम चौरसिया, दानसिंह ठाकुर, संजय सुकांत, डॉ विजेंद्र ठाकुर, बिस्सु पटेल,गोलू नागरे, दीपक दुबे, अमित सोनी, मनोज लिल्हारे, राजा जैन, गुड्डू पटेल, धर्मेंद्र पटेल, प्रदीप रघुवंशी, अनमोल चौधरी, संदीप रघुवंशी, सुरेश चंद्रवंशी, राजेश शर्मा, बनवारी माहोरे, मुकेश चोरिया, रंजीत ठाकुर,सत्यनारायण चोरिया, खुमान पटेल, रिक्खीराम वर्मा, दिनेश वर्मा, रहेश वर्मा, लाला पटेल, तीरथराम धुर्वे, रानू पटेल, राजू पटेल, संतोष वर्मा, सुमरन साहू, दीपा राय,जयंत साहू, लंकेश साहू, सुरेश परतेती, आदित्य ठाकुर, मयंक जैनजिले से जिला महामंत्री परमजीत बिज, मंडल अध्यक्ष रोहित पोफली, अंकुर शुक्ला, लीला बिजौलिया, पार्षद अपील समिति सदस्य संजय जैन हरीश साहू, अज्जू ठाकुर, मनोज नेमा, सदन साहू, विपिन विंदवारी, नीरज भारद्वाज, प्रभुणारायण नेमा, संजू जैन, भारती साहू समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## वार्ड पार्षद ने किया सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण

जुन्नारदेव। नगर के वार्ड क्रमांक 11 महाराणा प्रताप वार्ड में कायाकल्प 2 के अंतर्गत लगभग 20 से 22 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड का निर्माण कार्य जारी है। वार्ड वासियों की लगातार मांग को ध्यान रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे और परिषद के द्वारा उक्त मार्ग की स्वीकृति प्रदान कर वार्ड वासियों की समस्या का स्थाई निदान किया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेहा धुर्वे के मार्गदर्शन में निकाय के सब इंजीनियर अनुराग सरिया की उपस्थिति में निर्माण कार्य जारी है। उक्त निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए वार्ड 11 के पार्षद अपील समिति सदस्य संजय जैन ने वार्ड वासियों की उपस्थिति में ठेकेदार को गुणवत्ता युक्त कार्य करने हेतु निर्देशित किया साथ ही समय अवधि में निर्माण कार्य पूर्ण करने की बात भी कहीं। वार्ड में बन रही सड़क पर वार्ड वासियों ने नगर पालिका परिषद को धन्यवाद प्रेषित किया सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ नगर पालिका परिषद नगर में विकास कार्यों को प्राथमिकता से कर रही है।



## 21 को पैदल उज्जैन यात्रा को निकलेंगे श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

पवित्र श्रावण मास में हर भक्त शिव की भक्ति में लीन नजर आ रहा है मठ मंदिरों में श्रद्धालुओं का सैलाब प्रतिदिन पूजन अर्चन करते नजर आ रहा है, वही शिव भक्त जुन्नारदेव नगर से पैदल बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन की यात्रा के लिए सोमवार 21 जुलाई को रवाना होंगे श्रद्धालुओं के दल में राकेश तिवारी, संजय यादव रवींद्र वाईकर सहित अन्य श्रद्धालु पैदल कावड़ यात्रा के साथ रवाना होंगे इसके पूर्व शनिवार को नगरपालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, वार्ड क्रमांक 9 के युवा पार्षद अमित यादव, वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद एवं अपील समिति सदस्य संजय जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता भरत जोशी ने श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। ये श्रद्धालु 21 जुलाई सोमवार को रेलवे स्टेशन रोड स्थित नाग मंदिर से पैदल यात्रा प्रारंभ कर उज्जैन पहुंचकर बाबा महाकाल का अभिषेक करेंगे।

## कुनबी समाज संगठन ने किया विद्यार्थियों का सत्कार

रामाकोना। अखिल भारतीय सूर्यवंशी लोणारे कुनबी समाज संगठन बिछुआ बग्गु द्वारा ग्राम बिछुआ बग्गु के महात्मा गाँधी भवन परिसर मे बोर्ड परीक्षाओ मे अव्वल आये विद्यार्थियों संम्मान चिन्ह देकर स्वागत सत्कार किया है। अखिल भारतीय सूर्यवंशी लोणारे कुनबी समाज संघटन की मातृ शक्ति प्रमुख मीराबाई भक्ते,सरपंच प्रमोद पातुरकर,पीकेएस गुर्वे, सुनील भानगे, सदाशिव खंडाईत, राजू खंडाईत, दिनकर पातुरकर के आतिथ्य मे सर्वप्रथम सती अनसुया माता के छायाचित्र का पूजन कर किया गया, आयोजन के दौरान विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने को समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं का समाज संगठन के माध्यम एक एक करके प्रमाण पत्र एवं पारितोशिक देकर सत्कार किया गया,पीकेएस गुर्वे द्वारा छात्र-छात्राओं की सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि अपने मंजिल को पाने के लिए लक्ष्य का निर्धारण करना चाहिए साथ ही सपना और सोच बड़ी रखकर अध्यापन कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन एलपी वाट ने किया,इस अवसर पर शशि खंडाईत मुकुल खंडाईत हेमंत जैवार,आकाश खंडाइत आदि उपस्थित थे।

## हनुधाम मंदिर किशनपुर दर्शन करने पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष

बिछुआ। छिंदवाड़ा भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव हनुधाम मंदिर किशनपुर दर्शन करने पहुंचे जहां उन्होंने प्रभु के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किए,भाजपा जिलाध्यक्ष ने हनुधाम मंदिर में गुरु जी के समक्ष हाजिरी लगाकर आर्शीवाद प्राप्त किया,इस दौरान मुख्य रूप रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, हनुधाम गुरुजी नारायण सोनी,वरिष्ठ नेता लखन कुमार वर्मा,विजय पांडे,अजय सक्सेना,संजय पटेल,शंटी बेदी,आशीष ठाकुर,योगेंद्र राणा,दानसिंह पटेल,रामसिंह पटेल,शिवराम चौरसिया,बलवीर डेहरिया,डॉ धनेंद्र वर्मा,गोपाल कवरेती,नीरज पटेल,रामशरण पटेल,बनवारी मोहरे,संतोष भलावी,प्रमोद श्रीवास,रजत वानखेड़े,शुभम साहू,रामकुमार वर्मा समेत भाजपा कार्यकर्ता बंधु एवं मंदिर समिति के सदस्य उपस्थित रहे,मंदिर से वापसी के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष क्षेत्रीय जनपद सदस्य डॉ धनेंद्र वर्मा के निवास पहुंचे जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ चाय पर चर्चा की।आई .टी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल बिछुआ में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## स्वर्ण पदक विजेता कल्याणी का हुआ सत्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

शनिवार नगर में शास, प्रभावती मानेकर उ.मा.विद्यालय सौंसर की पूर्व छात्रा स्वर्ण पदक विजेता कुमारी कल्याणी गोविंद प्रसाद विश्वकर्मा का सत्कार समारोह विद्यालय में आयोजित किया गया।हाल ही में कोलंबो श्रीलंका में संपन्न साउथ एशियन कराते चैंपियनशिप में कल्याणी द्वारा भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया गया है। इस अवसर पर कल्याणी के पिता गोविंद प्रसाद



विश्वकर्मा और बहन आराधना विश्वकर्मा कार्यक्रम में उपस्थित रहे । छात्रा कल्याणी के शिक्षक संजय धेनुसेवक, श्रीमती उर्वशी कुसराम, श्रीमती नजमा पठान आदि द्वारा कल्याणी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की बालीका कल्याणी ने सौसर क्षेत्र का ही नहीं तो अपने संपूर्ण मध्यप्रदेश का नाम विश्व में रोशन किया है, इस दौरान शाला परिवार की ओर से इस उपलब्धि पर बालिका कल्याणी को मंगल कामनाएं प्रेषित की गई,संस्था प्राचार्य मोहम्मद रियाज द्वारा कल्याणी को स्मृति चिन्ह भेटकर सम्मानित किया गया। कल्याणी ने अपने उदबोधन में बताया कि इस स्कूल के शिक्षकों द्वारा मुझे हमेशा मोटिवेट किया गया, पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी बहुत प्रोत्साहित किया गया।

## एक पौधा मां के नाम के तहत विद्यार्थियों को बांटे पौधे

छिंदवाड़ा। नगर पालिक निगम महापौर विक्रम अहाके एवं कमिश्नर चंद्र प्रकाश राय की सराहनीय पहल स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन द्वारा एक पौधा मां के नाम अभियान चलाकर स्कूली विद्यार्थियों सहित जनमानस को पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण सहित स्वच्छता की अपील की जा रही है।शनिवार के शुभ दिन दीपक राज जैन एवं देव पाठक के साथ नगर पालिक निगम स्वच्छता टीम ने नगर के हृदय स्थल छोटी बाजार सहित अन्य क्षेत्रों का भ्रमण किया ओर स्कूली विद्यार्थियों को पौधा भेंट कर एक पौधा मां के नाम लगाने की अपील की।इस अवसर पर श्री जैन ने नागरिकों का आभार भी व्यक्त किया ओर सभी से अपील करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से ही स्वच्छ भारत मिशन 2024 में छिंदवाड़ा ने देश में 25 वां स्थान के साथ 3 स्टार रेटिंग प्राप्त की जिसका श्रेय स्वच्छता टीम नगर पालिक निगम सहित आप सभी क्षैत्र वासियों को जाता है। इस बार भी हम संकल्प लें कि छिंदवाड़ा को 5 स्टार रेटिंग में लाएंगे और भारत सहित मध्य प्रदेश में अब्बल स्थान दिलाकर अपने प्रिय छिंदवाड़ा की स्वच्छ - स्वस्थ एवं सुंदर बनाने में अपना योगदान देंगे।

## आईआईएम रोहतक में अगस्त्य संजय चौरे का चयन

सौंसर। अगस्त्य संजय चौरें का आईआईएम रोहतक में बीबीए एलएलबी कोर्स में चयन हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार



रिधोरा निवासी पूर्व कैबिनेट मंत्री रेवनाथ चौरे के नाती एवं संजय चौरे के पुत्र अगस्त्य ने आईआईएम रोहतक के 5 वर्षीय एकीकृत बीबीए एलएलबी कोर्स में चयन पाकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है, आईआईएमएसभारतीय प्रबंधन संस्थान भारत के सबसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान हैं, आईआई एम रोहतक एकमात्र ऐसा एकीकृत विधि कोर्स प्रदान करता है। हर साल लाखों छात्र इस कठिन चयन प्रक्रिया में भाग लेते हैं,और उनमें से चुना जाना एक अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक और गौरवपूर्ण उपलब्धि है।अगस्त्य पिता डॉ. संजय चौरें, रेवनाथ चौरें कॉलेज, सावनेर के निदेशक एवं प्राचार्य हैं,माता डॉ. स्मिता चौरें, इसी कॉलेज की शैक्षणिक निदेशक हैं। अगस्त्य, मध्य प्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय श्री रेवनाथ चौरें के पोते हैं। अगस्त्य चौरे ने अपनी स्कूली शिक्षा डेली कॉलेज, इंदौर से प्राप्त की, जहाँ वे हाउस प्रीफेक्ट रहे और एक सक्रिय एवं प्रतिभाशाली छात्र के रूप में हमेशा अग्रणी रहे। बारहवीं परीक्षा में 86% अंक प्राप्त किए थे।अगस्त्य संजय चौरें इस उपलब्धि सौसर क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है, सौसर क्षेत्र वासियों विभिन्न सामाजिक धार्मिक राजनीतिक संगठन से जुड़े हुए लोगों के द्वारा बधाइयां दी जा रही है।

### बच्चों की सुरक्षा के बड़े दावे करने वाले निजी स्कूलों द्वारा की जा रही लापरवाही

# निजी वाहनों में धड़ल्ले से ढोए जा रहे स्कूली बच्चे

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** बच्चों की सुरक्षा के बड़े दावे करने वाले क्षेत्र के निजी स्कूलों द्वारा की जा रही नियमों की धज्जियां हर रोज छुंट्टी के वक्त देखी जा सकती है। कम जगह पर जानवरों की तरह बच्चों को ठूंसकर बैठाए जाने के बाद सड़कों पर रफ्तार भरते इन छोटे निजी वाहनों के प्रति न तो अभिभावक ही सतर्क है और न हि जिम्मेदार। जिम्मेदारों का हाल यह है कि अब तक नियम हवा में उड़ा रहे निजी वाहनों की धरपकड़ के लिए अभियान ही नहीं चलाया है। वहीं स्कूलों की बात की जाए तो दावा आधुनिक पढ़ाई और हाइटेक सुरक्षा का होता है लेकिन हकीकत में पूरे जनपद क्षेत्र में स्कूल के नाम पर महज उंगलियों में गिन सके जाने वाले वाहन ही पंजीकृत हैं जबकि बाकी स्कूल निजी वाहनों में बच्चों को ढो रहे हैं। सड़कों पर दर्जनों वाहन ऐसे भी हैं जिनमें मानक के विपरीत चालक स्कूली वाहनों पर लगने वाले नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।



**एक चौपहिया वाहन में मिले दो दर्जन बच्चे:** नगर के निजी स्कूलों में चलने वाले इन वाहनों की जब पड़ताल की गई तो देखा गया की एक वाहन में एक साथ लगभग दो दर्जन बच्चों को ठूंस ठूंस कर भरा गया था। इस वाहन में न सुरक्षा के इंतजाम थे न चालक ने सीट बेल्ट बांधा था। जिम्मेदारों की अनदेखी का खामियाजा बच्चे बेजा तकलीफों का सामना करते भुगतते नजर आए। सड़कपर स्कूल की छुट्टी के दौरान यह भी देखने में आया की एक बाइक पर तीन से चार बच्चे बैठकर सफ र कर रहे हैं। लेकिन उनको रोकने टोकने वाला कोई नहीं है। ग्रामींण क्षेत्रों में सुरक्षा को ताक पर रखकर टैंपो मैजिक में मानक से अधिक बच्चे बिठाए जा रहे हैं। इन वाहनों में न तो जालियां हैं और न ही सुरक्षा नियमों का पालन हो रहा। स्कूल प्रबंधन से लेकर प्रशासन के अधिकारी गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं।

**स्कूली वाहनों के नियम:** अधिकारियों की मानें तो स्कूल बसों तथा वाहनों में अग्निशमन किट, फ स्र्ट एड बॉक्स होने पर ही फि टनेस प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। बावजूद इसके टैंपो, सूमो, मैजिक वैन और तमाम छोटे बड़े वाहन स्कूल वाहन के नाम पर फ र्राटा भर रहे हैं। स्कूल का नाम, फ ोन नंबर आदि लिखे बिना ही कई स्कूली वाहन नौनिहालों को भरकर सड़क पर दौड़ रहे हैं। वाहन पर बच्चों के नाम की सूची, पता, कक्षा और ब्लड गुरप तथा रूट चार्ट अनिवार्य है। आग से निपटने के लिए फ ायर एस्टेंग्यूशर होना जरूरी। वाहनों में स्पीड गवर्नर जरूरी। चालकों का वेरीफि केशन व पांच साल का अनुभव अनिवार्य। वाहन की खिड़की पर लोहे की तीन रॉड और जाली लगी होनी चाहिए। वाहन का रंग पीला और स्कूल वाहन लिखा होना चाहिए।

### इनका कहना है

आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है। निजी स्कूलों द्वारा अगर बच्चों के परिवहन को लेकर नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है तो उन्हें सख्त हिदायत देकर नियमानुसार वाहन चलाने तथा सुरक्षा मानको का पालन करने के निर्देश दिये जाएंगे। नियमों का पालन नहीं करने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

**कमलचंद सिंहसार,एसडीएम लांजी**

## पुलिस द्वारा नशा मुक्त अभियान के तहत निकाली गई रैली

वारासिवनी। नशा मुक्त अभियान नशे से दूरी है जरूरी के अंतर्गत थाना वारासिवनी क्षेत्र में संदीपनी शासकीय टिहलीबाई उच्चतर माध्यमिक स्कूल में पुलिस टीम वारासिवनी द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाते हुए नगर में एनसीसी कैडेट्स, नगर के गणमान्य लोगों के साथ मिल कर रैली निकाली गई। वारासिवनी नगर के शासकीय कमला नेहरू स्कूल में स्कूल स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को नशे की भयावहता, सामाजिक दुष्परिणाम तथा इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस टीम द्वारा सभी को यह समझाया गया कि नशा केवल व्यक्तिगत नुकसान नहीं करता, बल्कि परिवार, समाज और देश की नींव को भी कमजोर करता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्त बालाघाट के संकल्प के साथ शपथ दिलाई गई कि वे स्वयं भी नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करते हुए जन जागृति अभियान चलाया गया।

## समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर के ग्राम बोरबन, नंदोरा में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** आदिवासी बाहुल्य ग्राम बोरबन नंदोरा में आज दिनांक 16 जुलाई 2025 को आयुष्मान आरोग्य मंदिर साल्हे के अंतर्गत एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह शिविर आदरणीय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी महोदय के निर्देशानुसार एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. वर्ष चौबे के मार्गदर्शन व उपस्थिति में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान सभी आयु वर्ग के नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें हीमोग्लोबिन परीक्षण, एनसीडी स्क्रीनिंग, बी.पी., शुगर आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे। जांच उपरांत आवश्यक दवाओं का वितरण कर, मौके पर ही उपचार प्रदान किया गया।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. वर्ष चौबे द्वारा ग्राम में गृह-भ्रमण कर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की स्थिति का अवलोकन किया गया एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर में लाकर उपचार कराने हेतु स्वास्थ्य अमले को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।इस स्वास्थ्य शिविर के सफल संचालन में निम्नलिखित स्वास्थ्य एवं सहयोगी कार्यकर्ताओं का सराहनीय योगदान रहा।

## पुलिस चल रही नशा मुक्ति अभियान जागरूकता रैली

किरनापुर। पुलिस थाना किरनापुर के क्षेत्राअंतर्गत कवरे चौक एवं गुजरी चौक,व अन्य ग्रामों के चौराहों पर पुलिस विभाग द्वारा नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है जिसमें ग्रामीणों को बताया जा रहा है कि ₹नशा कुछ पल ही खुशी देता है लेकिन शरीर को जीवन भर की सजा दे जाता है₹ कांवरे चौक में स्थित मध्य प्रदेश पुलिस विभाग द्वारा 15 से 30 जुलाई तक चलाया जा रहे नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत आज कवरे चौक किरनापुर में आयोजित जन जागरूकता के अंतर्गत बसो के सामने बैनर लगाकर बसों में बैठे यात्रियों को नशा से मुक्त होने संबंधी जानकारी देते हुए नशा मुक्ति मध्य प्रदेश का संदेश दिया। नशे को ना कहे जीवन को अपनाए ₹₹हमारा है यही संदेश, नशा मुक्त हो मध्य प्रदेश₹ नशे से दूरी है जरूरी₹ यह संदेश देते हुए लोगों को जागरुक कर रहे हैं।इस कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस विभाग से रमेश माहुले, श्री उइके, टेकाम व स्टाफ सहित मौजूद रहे।

## सर्प के काटने से 2 युवक घायल,अस्पताल में चल रहा इलाज

**वारासिवनी।** बरसात का मौसम प्रारंभ होने के साथ सर्प निकलने और काटने की घटनाओं में दिनोंदिन बढ़ोत्तरी होती जा रही हैं। शुक्रवार को दो स्थानों पर सर्प काटने की घटनाओं में 2 युवक घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी में लाया गया, जहॉ पर चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार किया गया हैं। फिलहाल दोनों सर्पदंश के शिकार युवक खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। जानकारी अनुसार जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत मुरझड़ के ग्राम कोसरीटोला में शुक्रवार को खेत में काम कर रहे 30 वर्षीय युवक यशवंत जामरे को सॉप ने हाथ में काट लिया। जैसे ही उसे सर्प के काटने का अहसास हुआ, उसने अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी। जिस पर परिजन उसे लेकर तत्काल शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी पहुॅचे।

# भैरव को मिली अटकी हुई प्रधानमंत्री आवास की किश्त

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वा रा सि व नी - खै र लां जी विधानसभा के अंतर्गत ग्राम नवेगॉव (तीन टोला) निवासी ग्राम पंचायत पंच भैरव प्रसाद पिता झनकलाल लिल्हारे को जिला पंचायत पूर्व सदस्य विक्रम देशमुख के सहयोग से प्रधानमंत्री आवास योजना की रुकी हुई राशि मिलने पर उन्होंने श्री देशमुख के प्रति आभार प्रकट किया हैं। जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत नवेगॉव तीन टोला के पंच भैरव प्रसाद लिल्हारेको वर्ष 24-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना से मकान स्वीकृत हुआ था। किन्तु फ़रवरी माह से भैरव प्रसाद लिल्हारे के खाते में प्रधानमंत्री आवास की प्रथम किस्त तकनीकी कारणों से जमा नहीं हो पा रही थी। उनके द्वारा इस समस्या के निराकरण हेतु कलेक्टर जनसुनवाई और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर शिकायत भी दर्ज करा दी गई थी।



इसके बावजूद उन्हें हर जगह से केवल एक मात्र जवाब मिल रहा था कि इनका भुगतान पीएफएमएस में पेंडिंग है। किन्तु पीएफएमएस में किस कारण से पेंडिंग हैं, इस तकनीकी समस्या को कोई भी एजेंसी पकड़ नहीं पा रही थी। भैरव प्रसाद लिल्हारे ने जिला पंचायत पूर्व सदस्य इंजीनियर विक्रम देशमुख से वारासिवनी कार्यालय में संपर्क कर अपनी इस समस्या के विषय में बताया। विक्रम देशमुख ने भैरव प्रसाद लिल्हारे के समग्र आई डी, आधार कार्ड और बैंक खातों में व्याप्त विसंगतियों को अपने अनुभवों से तत्काल पकड़ लिया। श्री देशमुख द्वारा भैरव प्रसाद को अपने साथ यूनियन बैंक वारासिवनी ले जाकर उनके खातों में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने हेतु उनसे आवेदन करवाया। तत्पश्चात विगत दिवस भैरव प्रसाद लिल्हारे के खाते में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रथम किस्त राशि 25 हज़ार रुपये जमा हो पाई है। इस अवसर पर भैरव प्रसाद लिल्हारे, मोनू विवेक तुरकर, विनय तुरकर आदि युवाओं ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य विक्रम देशमुख का सहर्ष आभार जताया है।

### शास्त्रोक्त विधि द्वारा पार्थिव शिवलिंग निर्माण नित्य अभिषेक पूजन अर्चन

# श्रावण मास में कोटेश्वर में बह रहा धार्मिक भक्ति का सैलाब

### कावडियों ने कहा इंतजार में भी महादेव की भक्ति का आनंद



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** श्रावण मास की शुरुआत के साथ ही शिवालयों में बोल बम के जयकारे गूंज रहे है। सावन महीना शुरू होने के साथ ही अब पूरे माह शिव मंदिरों में भगवान शंकर के मंत्रोच्चार से साथ रूद्राभिषेक, जलाभिषेक व पूजन का दौर लगातार जारी है, लांजी के ऐतिहासिक भगवान कोटेश्वरनाथ भगवान पर पं. उदित गिरी गोस्वामी महाराज के सानिध्य में श्रावण महोत्सव में शिवभक्त प्रतिदिन रूद्राभिषेक, शिव पंचाक्षर मंत्र जाप सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान कर रहे है जिसमें हर हर रोज सैकड़ों श्रद्धालु भक्त पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित कर रहे है। वहीं आज सावन मास के दूसरे सोमवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के कोटेश्वर धाम पहुंचने की संभावना है। पं. उदित गिरी गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया की शास्त्रोक्त विधि द्वारा पार्थिव शिवलिंग निर्माण नित्य अभिषेक पूजन अर्चन तथा प्रतिदिन कोटेश्वर मंदिर में जनमानस कल्याण हेतु श्रावण मास में विशेष प्रातःकालीन भगवानश्री कोटेश्वर नाथ का दिव्य एवं भव्य श्रंगार अभिषेक पूजन अर्चन होता है, तत्पश्चात फल प्रसाद वितरण किया जाता है। उल्लेखनीय है की धर्मनगरी लांजी में स्थित सभी मंदिरों में भी सावन के महीने को लेकर विशेष श्रृंगार और आयोजन किए जा रहे है।

वहीं श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को क्षेत्र के अनेक स्थानों से कावडिय़े भगवान कोटेश्वर नाथ महादेव को जल अर्पित करने के लिये पहुंचते है। ऐसे में उन्हें बहुत समय तक लाईन लगाकर इंतजार करना पड़ता है, कावडिय़ों ने बताया की महादेव को जल चढ़ाने के लिये जो इंतजार हमे करना पड़ रहा है उसमें भी महादेव की भक्ति का आनंद है। इस इंतजार के वक्त में बम भोले और हर-हर महादेव की गूंज से पूरा कोटेश्वर धाम गुंजायमान हो जाता है। सावन मास में धर्मनगरी लांजी में श्रद्धालुओं के आगमन और कोटेश्वर धाम में पहुंचने वाले कावडिय़ों से एसडीएम कमलचंद सिंहसार ने अपील करते हुए कहा की भगवान कोटेश्वरनाथ महादेव के मंदिर में सभी लोग कतारबद्ध होकर दर्शन प्राप्त करे तथा मंदिर परिसर में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें, प्लास्टिक की वस्तुओं का उपयोग न करते हुए लोटे एवं जलपात्र में ही महादेव को जल चढ़ाएं तथा सेवा में लगे सेवकों के साथ व्यवस्था बनाने में सहयोग करें। प्रशासन द्वारा लगातार सुरक्षा व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है, उन्होने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी कोटेश्वर धाम में सहयोग की अपील की है।

**खबर संक्षेप**

### कांग्रेस ओबीसी लीडरशिप भागीदारी न्याय सम्मेलन का आयोजन 25 को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा 25 जुलाई 2025 को ताल कटोरा स्टेडियम नई दिल्ली में कांग्रेस ओबीसी लीडरशिप भागीदारी न्याय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, इस सम्मेलन को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी एवं जन-जन के नेता जननायक एवं लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी एवं ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जय हिंद जी सम्बोधित करेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने जानकारी देते हुए बताया कि ओबीसी न्याय सम्मेलन में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन फार्म भरना अति आवश्यक है रजिस्ट्रेशन फार्म जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन से प्राप्त कर सकते है। समस्त ओबीसी बन्धुओं से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी बात रखने का कष्ट करें।

# नगर पालिका परिषद ने फिर की 13 दुकानों पर सील बंदी की कार्रवाई





**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

19 जुलाई 2025 को सीएमओ विशाल सिंह मस्कोले के निर्देश पर प्रभारी राजस्व निरीक्षक निर्मल अवधिया, रामभरोष बघेल एवं आर.एस.आई. महेश सोनी और अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी में नगरीय क्षेत्र में बस स्टैण्ड, दलसागर गुमठी, सदर काम्पलेक्स बुधवारी बाजार की कुल 13 दुकानों को सील करने की कार्यवाही की गई।

विदित होवे कि उक्त दुकानदारों द्वारा बकाया राशि तकरीबन 5,89,812 रूपये जो कि निकाय कोष में जमा नहीं कराई गई थी जिसके कारण उक्त सील बंदी की कार्यवाही प्रस्तावित की गई है। नगर पालिका सिवनी द्वारा इस संबंध में पूर्व में दुकानदारों को नोटिस देकर बकाया राशि जमा करने की चेतावनी दी गई थी किंतु निर्धारित समय में राशि जमा न करने पर यह पूरी कार्यवाही की गई।

प्रातः सील की गई कुल 13 दुकानों में से दोपहर तक 06 दुकानदारों द्वारा कुल 1,25,009 रूपये की राशि नगर पालिका में जमा कराई गई इसके पश्चात उनकी दुकान की सील खोली गई।

इस कार्यवाही के दौरान नपा के कर्मचारी सावन चौहान, सतीष रजक, प्रदीप विश्वकर्मा, नेहाल बाघमारे, सुनील बघेल, लक्ष्मीकांत लाहोरी, देवेन्द्र बेलजी उपस्थित रहें।

# एक ही समय में एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेन के चलने से असमंजस में यात्री

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**



नैनपुर से इंदौर तक पेचवैली एक्सप्रेस सिवनी से होते हुए प्रतिदिन शाम 8 बजे से चलाई जा रही है उसके लिए तमाम जनप्रतिनिधि रेलवे के अधिकारी गण इन सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद है इसी तरह से नैनपुर से छिंदवाड़ा तक पैसेंजर ट्रेन चल रही है उससे भी लोगों को बहुत सुविधा हो रही है परंतु हमने देखा है कि एक्सप्रेस ट्रेन और पैसेंजर ट्रेन सिवनी से छुटने का समय करीब करीब एक जैसा है जिसका कोई औचित्य नहीं है क्योंकि एक ही समय में एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेन के चलने से आम जनता में बड़ा असमंजस हो जाता है और कुछ यात्री तो एक्सप्रेस समझ कर पैसेंजर ट्रेन में बैठ जाते हैं और कुछ लोग पैसेंजर समझकर एक्सप्रेस ट्रेन पंचवेली में बैठ जाते हैं और मालूम होने पर ट्रेन से उतरकर अपनी ट्रेन में बैठते हैं जिससे हड़बड़ी में दुर्घटना होने की संभावना होती है तथा एक ही समय में दोनों गाड़ियों का उपस्थित रहना अनावश्यक होता है तथा शासन को राजस्व की हानि होती है। इसीलिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड ओम प्रकाश बोर्ड सहित कामरेड डीडी वासनिक राजेंद्र जायसवाल डॉ बी सी ओके तीरथ प्रसाद गजभिए किरण प्रकाश राहुल कुमार मोहम्मद इरफान पवन कुमार सनोदिया अंगद सिंह बघेल पीआर इनवाती आदि ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि दोनों ट्रेन के बीच में चलने में कम से कम 3 घंटे का अंतर होना चाहिए ताकि यात्रीगण सुविधा पूर्वक अपने मन पसंद की ट्रेन से बिना दुविधा के सुख और सुविधा पूर्वक अपनी यात्रा कर सके और संभावित दुर्घटनाओं से अपने आप को बचा सके।

### भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्या का निराकरण के लिए मासिक सैनिक सम्मेलन 21 जुलाई को होगा आयोजित

सिवनी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि जिले के समस्त भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं के निराकरण के लिए दिनांक 21 जुलाई 2025 को प्रातः 11 बजे मासिक सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि मासिक सैनिक सम्मेलन का आयोजन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय ज्यारत नाका अकबर वार्ड, सिवनी में किया जायेगा। अतः समस्त भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को अवगत कराते हुए निराकरण कराने की अपील की गई हैं।

# लखनादौन ने रचा इतिहासः 3-स्टार रेटिंग के साथ संभाग में 'स्वच्छता चैंपियन



**हरिभूमि न्यूज लखनादौन,** मध्य प्रदेशः स्वच्छता के क्षेत्र में नगर परिषद लखनादौन ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है! राष्ट्रीय स्वच्छता रेटिंग में संभाग में 3-स्टार रेटिंग प्राप्त कर लखनादौन पहली और एकमात्र नगर परिषद बन गई है. यह उपलब्धि नगर परिषद के अथक प्रयासों और जनमानस की सक्रिय भागीदारी का सीधा परिणाम है, जिसने लखनादौन को देश भर के छोटे-बड़े शहरों में 221वीं रैंक दिलाई है. यह स्वच्छता अब सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि एक कामयाब मिशन बन चुकी है।

### महाकालेश्वर मंदिर बोरदही टेकरी श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को भगवान भोलेनाथ का विशेष रुद्राभिषेक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** महाकालेश्वर 108 शिवलिंग मंदिर में श्रावण मास के द्वितीय सोमवार भगवान भोलेनाथ का विशेष रुद्राभिषेक दूध धारा जलधारा से होगा प्रातः काल भगवान महादेव का रुद्राभिषेक प्रारंभ हो जाएगा शास्त्रों के अनुसार श्रावण मास भगवान भोलेनाथ को समर्पित है श्रावण मास का विशेष महत्व है श्रावण मास में भोलेनाथ का पूजन अर्चन करने से समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं श्रावण महीने में भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक जल अभिषेक इत्यादि का विशेष फल है महादेव का रुद्राभिषेक करने से समस्त ग्रहों की शांति होती है शाम के समय भगवान भोलेनाथ की महा आरती होगी।

# शासकीय विधि महाविद्यालय सिवनी में किया गया पौधारोपण



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासकीय विधि महाविद्यालय सिवनी में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत दिनॉक-18/07/2025 को ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण का आयोजन किया गया। जिसमें आम, जामुन, नीम के पेड़ लगाये गये। कार्यक्रम संयोजक श्रीमति अर्चना पाठक ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ पौधों की अहम भूमिका होती है इसलिए पेड़-पौधे अधिक से अधिक लगाये जाने के लिए जागरूक किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.राकेश कुमार चौरासे, श्री रामेश्वर प्रसाद शिववेदी, शंकर शंभू सोनी, राकेश बरदिया, किशोर आत्मपूज्य, हिमांशु श्रीवास्तव, कमलेश ठाकुर, विनोद डहेरिया, कपिल डागोरिया समेत समस्त अधिकारी/ कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिती रही।

# बसपा का कार्यकर्ता प्रशिक्षण सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज लखनादौन।**

बहुजन समाज पार्टी विधानसभा क्षेत्र लखनादौन संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देकर बूथ स्तर तक संगठन तैयार करने के निर्देश इंजी. सी पी सिंह केंद्रीय स्टेट कोआर्डिनेटर बसपा एवं इंजी. रमाकांत पिप्पल प्रदेश अध्यक्ष बसपा ने दिया साथ ही कहा सत्ता तक पहुंचने का एक मात्र माध्यम ईमानदार एवं प्रशिक्षत संगठन है बसपा की सरकार मध्यप्रदेश में बनने पर कानून के द्वारा कानून का राज स्थापित किया जाएगा साथ ही डॉ बाबा साहब द्वारा संविधान में दिए गए सारे अधिकार पूर्णतः लागू किए जाएगा एवं प्रदेश को विकास की नई ऊंचाईयों तक लेकर जाएंगे प्रशिक्षण में उमाकांत बंदेवार जॉन प्रभारी बसपा डी एल अहिरवार जिला प्रभारी लालसिंह नंदौरे ,प्रेमचंद साहू जिला सचिव , रामभवन डहेरिया जिला कोषाध्यक्ष, जलसों ऊइके जनपद सदस्य एवं विधानसभा प्रभारी ,रामसिंह रजक विधानसभा सभा प्रभारी, एड नरेंद्र अहिरवार विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर नेमा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा 3 दवा दुकानों के लाइसेंस निलंबित, 5 दवा दुकानों को कारण बताओ नोटिस जारी

औषधि निरीक्षक औषधि प्रशासुन विभाग सिवनी ने बताया कि कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले में संचालित मेडिकल स्टोर्स में दुकान संचालकों द्वारा औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 व नियमावली 1945 के नियमों के पालन व उल्लंघन की जांच लगातार सतत रूप से जारी है।

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

इसी क्रम में विगत दिवस बस स्टेण्ड पलारी तहसील केवलारी, भीमगढ़ कालोनी तहसील छपारा, कान्हीवाडा तहसील सिवनी में संचालित दवा दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दवा दुकानों में ड्रग लाइसेंस की वैधता, दवाओं के रख-रखाव, फार्मासिस्ट की अनुपस्थिती में हो रहे दवाओं के विक्रय, दवाओं के कम विकरा रिकार्ड, एक्सपायर्ड स्टॉक एवं प्रतिबंधित दवाओं आदि की जांच की गई। जाँच के दौरान मेसर्स हेल्थ केअर मेडिकोज कान्हीवाडा तहसील सिवनी में फार्मासिस्ट एवं संचालक की अनुपस्थिति में दवा दुकान अनाधिकृत व्यक्ति द्वारा संचालित पाई गई दुकान में दवाओं के कय-विक्रय रिकार्ड व शेड्यूल एक दवाओं के विक्रय रजिस्टर संधारण नहीं पाए जाने एवं वेटनरी व एक्सपायर्ड स्टॉक पर नियमानुसार लेबल नहीं लगाये जाने एवं बस स्टेण्ड पलारी तहसील केवलारी में संचालित आराध्या मेडिकल स्टोर्स में बिना चिकित्सक के पर्चे के शेड्यूल दवाइयों को बेचा जाना पाया जाना एवं गगई रैयत भीमगढ़ कालोनी तहसील छपारा में संचालित नायर मेडिकल में एक्सपायर्ड दवाईयां ट्रेड स्टॉक के साथ विकृयार्थ संग्रहित पाई गई एवं रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट अरविंद राय अनुपस्थित पाए गए। जिसके बाद जांच प्रतिवेदन अग्रिम कार्यवाही हेतु लाइसेंसिंग ऑथोरिटी श्री स्वप्निल सिंह जिला सिवनी मुख्यालय बालाघाट की ओर प्रेषित किया गया था।

उन्होंने बताया कि लाइसेंसिग ऑथोरिटी द्वारा हेल्थ केअर मेडिकोज कान्हीवाडा के संचालक हिना खान, आराध्या मेडिकल स्टोर्स बस स्टेण्ड पलारी के संचालक अखिलेश अमरोदिया, नायर मेडिकल भीगगढ कालोनी के संचालक सुनील पगारे को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 7 दिन में जवाब मांगा गया था। परंतु दुकान संचालकों द्वारा कार्यालय में नियत समयाविधि में जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया।

औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए आराध्या मेडिकल स्टोर्स बस स्टेण्ड पलारी के संचालन हेतु जरी ड्रग लाइसेंस 05 दिवस, नायर मेडिकल भीमगढ कालोनी के संचालन हेतु जारी ड्रग लाइसेस 01 महीने एवं हेल्थ केअर मेडिकोज कान्हीवाडा आगामी आदेश तक की अवधि के लिए निलंबित किये गये है। निलंबन अवधि के दौरान प्रतिष्ठान का संबालन एवं दवाइयों का क्रय-विक्रय पूर्णतः अवैधानिक माना जाएगा व निलंबन आदेश का पालन नही पाये जाने पर दुकान संचालक के विरुद्ध प्रशासनिक एवं न्यायालीन कार्यवाही की जायेगी। सतत निरीक्षण के दौरान औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 व नियमावली 1945 के नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर सिवनी जिले में संचालित 5 दवा दुकानों क्रमशः राजेन्द्र मेडिकल स्टोर्स बुधबारी बाजार, कौशल मेडिकल स्टोर्स बुधवारी बाजार, फार्मा हाउस भेरोंगज, सजल मेडिकोज धनौरा, अग्रवाल जी मेडि फार्मा, पूगा को कारण बताओं नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है जवाब संतोषजनक न पाए जाने पर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

### 60 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

**सिवनी।** साल्हेकला निवासी एक युवक को 60 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी शराब को बेचने के उद्देश्य से रखे हुए था। दिनांक 18 जुलाई 2025 को पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देश पर अवैध कार्यों पर नियंत्रण के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम साल्हेकला निवासी निगम पिता तारसिंह मर्सकोले अपने कब्जे में भारी मात्रा में हाथ भट्टी महुआ शराब प्लास्टिक की केनों में भरकर विक्रय हेतु रखे हुए है। सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) ललित गठरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बरघाट को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर घेराबंदी की और एक युवक को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम निगम पिता तारसिंह मर्सकोले (उम्र 21 वर्ष) निवासी साल्हेकला, थाना बरघाट बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से 15-15 लीटर की चार प्लास्टिक केनों में कुल 60 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 6000 रुपये बताई जा रही है। जब उससे शराब के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे गए, तो वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

# सिवनी भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष से की सौजन्य भेंट

## संगठन को बूथ - बूथ पर सशक्त करने के लिए हमारे सभी कार्यकर्ताओं का समर्पण भाव प्रणम्य है - हेमंत खंडेलवाल



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले के भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से सौजन्य भेंट की एवं बैतूल स्थित भाजपा जिला कार्यालय में मध्यप्रदेश के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने बैतूल जिला पदाधिकारियों एवं सिवनी जिले से पहुंचे प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का आत्मीयता के साथ स्वागत किया एवं परिचय लेकर बैठक कर संगठनात्मक विषयों के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की।

इस अवसर पर सर्वप्रथम सुजीत जैन प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं बैतूल जिला संगठन प्रभारी गजानन पंचेश्वर जिला महामंत्री, संजय पप्पू सोनी, अलकेश रजक, अनूप मिश्रा, पंकज बिसेन, राजकुमार बमनिया, निशांत भारद्वाज , राकेश मालवीय राजा, वीरेंद्र डेहरिया, चंचलेश साहू, विनिश दुबे, दीपक तिवारी, जितेंद्र मिश्रा, बबलू विश्वकर्मा, अंचल चौरसिया, जय श्रीवास्तव, सोनू सतनामी, हरीश तिवारी, पवन बरमैया, हर्षित साहू, प्रशांत शुक्ला, गोरी ठाकुर, आशु सतनामी, जितेंद्र अहरवाल , सुजान बघेल, अलोक जैन, लकी राय, रघुनंदन यादव, प्रकाश कावरे, व्यास डकोरे, उमेश दुबे, हितेश सूर्यवंशी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### मामला पिपरिया पंचायत के अंतर्गत प्राथमिक शाला पिपरिया टोला

# शिक्षक रहते अनुपस्थित, प्राथमिक शाला के छात्रों का भविष्य खतरे में, भगवान भरोसे स्कूल

**सोनखार (प्रदीप तिवारी)-सिवनी।** जिले के अंतर्गत विकासखंड केवलारी मुख्यालय के अंतिम सीमावर्ती क्षेत्र पांडिया छपारा क्षेत्र अंतर्गत एक ऐसी ग्राम पंचायत है,जो सघन वन क्षेत्र से घिरी हुई है इस ग्राम पंचायत के सरपंच इस क्षेत्र के जनपद सदस्य और पिपरिया ग्राम के अन्य गणमान्य नागरिकों ने सामूहिक रूप से पिपरिया पंचायत के अंतर्गत संचालित प्राथमिक शाला पिपरिया टोला के अपने आदतन रवैया से पीड़ित शिक्षक आनंद कुमार लांजेवर प्राथमिक शिक्षक जो इस शाला में विगत 12 वर्षों से पदस्थ हैं. इस स्कूल में 12 बच्चे अध्यनरत हैं और एक अन्य सहयोगी शिक्षक भभूत प्रसाद चौधरी के साथ में इस शाला में पदस्थ है,इस शाला की मूलभूत विडंबना यह है, कि शिक्षक आनंद कुमार प्रधान पाठक विद्यालय से हमेशा अनुपस्थित रहते हैं,गत दिवस क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में एक पंचनामा रिपोर्ट क्षेत्रीय पत्रकारों की उपस्थिति में भी बनायआ गया और इन शिकायतकर्ताओं के बताएं अनुसार यह कोई पहली बार पंचनामा या जांच प्रतिवेदन नहीं बनाया गया है, इस लापरवाह



शिक्षक के खिलाफ विगत एक से डेढ़ वर्षो से नियमित शिकायतें इन शिकायतकर्ताओं के द्वारा संबंधित अधिकारियों को बी आर सी सतीश साहू, डी डी ओ प्राचार्य प्रेमनाथ भवदीया एवं संकुल प्राचार्य श्री भगत, जन शिक्षक पुरंदर क्षीरसागर सभी को लिखित तौर पर की जा चुकी है. जिसके आधार पर सभी उच्च अधिकारियों से बात करके लापरवाह शिक्षक के ऊपर आज दिन तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं किया पत्रकार जब शिकायतकर्ताओं के बीच में उपस्थित हुए तब भी यह शिक्षक अपने स्कूल से नदारत पाए गए इनके दूरभाष क्रमांक 9826460373 पर नियमित संपर्क अन्य अलग-अलग नंबरों से किया गया लेकिन किसी का भी फोन नहीं रिसीव किया. ऐसे अनैतिक गैर जिम्मेदार, अपने कर्तव्य व दायित्व के प्रति लापरवाह शिक्षक को इस स्कूल से हटा देना ही उचित होगा ऐसी शिकायत कर्ताओं का कहना है, संबंधित विभाग केवल खानापूर्ति करते हुए नोटिस पर नोटिस या जांच प्रतिवेदन करते नजर आ रहा है. शिकायत कर्ता जिले की कलेक्टर संस्कृति जैन से विनम्र आग्रह है, और अपील करते हैं कि जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमान कुमरे को आदेशित करके ऐसे लापरवाह शिक्षक को शीघ्र यहां से स्थानांतरण ही नहीं बल्कि इन्हें अपने शिक्षक सेवा से सेवाएं बंद करवा देना चाहिए. एक कहावत चरितार्थ है, कि एक मछली तालाब को गंदा कर देती है, ठीक वही कारनामा इस लापरवाह शिक्षक के द्वारा किया जा रहा है, गत दिवस जब शिकायतकर्ताओं के फोन पर क्षेत्रीय पत्रकार स्कूल परिसर में उपस्थित हुए तो यहां के एमडीएम संचालन और एस एम सी के अध्यक्ष मुख्य रसोईया सभी से बातचीत करने पर अन्य सुविधाओं की जानकारी तो यथावत पाई गई सहयोगी शिक्षक ने बताया कि सप्ताह में एक हाथ दिन लांजेवार विद्यालय आते हैं और कभी-कभी तो 12 से 15 दिन भी हो जाते हैं और आकर की पूरी उपस्थित पंजीयन में साइन कर देते हैं. चुंकी मैं उनके अधीनस्थ कर्मचारी हूं, मुझे अपना कार्य शांति से करें ऐसा बोलते हैं आए दिन यहां पर निरीक्षण के लिए ग्राम के लोग आते हैं, सभी का मुझे ही सामना करना पड़ता है।

### इनका कहना है...

गोविंद तिलेश्वर ग्राम पिपरिया सरपंच,ग्राम पंचायत पिपरिया, मेरे पंचायत क्षेत्र में एक शिक्षक की अनुपस्थित होने से मेरे ग्राम के बच्चे विद्यार्जन करने में असमर्थ हैं कृपया शीघ्र ऐसे लापरवाह शिक्षक को यहां से हटा देना चाहिए। मेरे द्वारा इसके पूर्व यहां पर शिकायत की गई है, माननीय कलेक्टर महोदय को भी अवगत किया जा चुका है बी आर सी और जिला शिक्षा अधिकारी को भी सूचना दी गई है लेकिन आज दिन तक यहां पर किसी प्रकार की वैधानिक कार्रवाई नहीं की गई।

**जनपद सदस्य पति, भूपेंद्र चंद्रेश्वर**

शिकायतकर्ताओं को कहा गया कि आप पंचनामा और वीडियो बना लीजिए मैं देख लूंगा मैं अभी नहीं आ सकता. जो उचित कार्रवाई होगी वह किया जाएगा.

**डी डी ओ प्राचार्य प्रेमनाथ भवदिया**

# फरार आरोपी चढ़ा लखनादौन पुलिस हत्थे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

लखनादौन पुलिस को लंबे समय से फरार चल रहे एक गोवंश तस्करी के आरोपी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हाथ लगी है। यह आरोपी लगभग एक वर्ष से पुलिस की गिरफ्त से बचता फिर रहा था। मामला 4 अक्टूबर 2024 का है, जब पिकअप वाहन क्रमांक एमच 49 बीजेट 3092 में 12 नग गोवंश को नरसिंहपुर से नागपुर की ओर तस्करी करते हुए पकड़ा गया था। इस दौरान पुलिस ने शान उर्फ मतीन खान को मौके से गिरफ्तार कर लिया था। साथ ही वाहन और गोवंश को भी जप्त किया गया था। लेकिन इस तस्करी में शामिल वाहन मालिक मोहम्मद अकील पिता मोहम्मद बशीर (उम्र 50 वर्ष, निवासी संघर्ष नगर, उप्पलवाड़ी, नागपुर) मौके से फरार हो गया था और लगातार गिरफ्तारी से बचता हुआ पुलिस को चकमा दे रहा था। पुलिस की टीम ने लगातार निगरानी और साइबर तकनीक की मदद से आरोपी का पता लगाते हुए उसे नागपुर से गिरफ्तार कर लिया।

### पुलिस टीम का सराहनीय योगदान

इस कार्रवाई में उप निरीक्षक संतोष शर्मा, सहायक उप निरीक्षक देवेंद्र जायसवाल (सायबर सेल), आरक्षक नवनीत पांडे और आरक्षक शिवम बघेल का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने टीम के इस प्रयास की प्रशंसा की है।

### मामला गढ़ी क्षेत्र के ग्राम कदला का

## सुकेश और प्रीती की प्रेम कहानी का अंत







हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के गढ़ी बाजार में एक प्रेमी ने विवाहिता प्रेमिका और उसके बच्चे को जहर देकर खुद भी जहर पी लिया। तीनों की मौत हो गई। घटना शुक्रवार, 18 जुलाई की है।

सुकेश और प्रिती की प्रेम कहानी 2021 में शुरू हुई थी। दोनों केरल भी गए थे। वापस आने के बाद प्रिती ने पंचायत में अपने पति सोनशाह के साथ रहने की इच्छा जताई थी। उसने पंचायत को 60 हजार और पति को 4 लाख रुपए देने की बात कही थी। इसका सरकारी दस्तावेज भी बना था।

**प्रेमिका छोड़ न दे, इस डर से दिया था जहर**

सुकेश को डर था कि प्रिती उसे छोड़कर पति के पास चली जाएगी। वह प्रिती को हमेशा के लिए अपना बनाना चाहता था। इसी कारण उसने पहले प्रिती धुर्वे और उसके बेटे दक्ष को जहर पिला दिया और फिर खुद भी जहर पी लिया।

**मृतक एक साल से घर नहीं गया था**

घटना के अगले दिन सुकेश के गांव कदला और प्रिती के गांव समनापुर में मातम छाया रहा। सुकेश की मां और पत्नी ने बताया कि वह एक साल से घर नहीं आया था। उन्हें मौत की खबर पंचायत सरपंच रोशनी मेरावी से मिली। मरने से पहले प्रिती ने सरपंच को सुकेश द्वारा जहर देने की बात बताई थी।

## रमरमा की पहाड़ी के झरने में 23 वर्षीय युवक की डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

बरसात के मौसम में झरने का प्राकृतिक सौन्दर्य निहारने के लिए गए हुए एक युवक की उसी झरने में डूब कर मौत हो गई। मामला जनपद पंचायत वारासिवनी के ग्राम पंचायत रमरमा के पेंदीटोला की पहाडियों पर स्थित भगवान शिव के मंदिर के पास से बहने वाले झरने का हैं।

**पेंदीटोला पहाड़ी के झरने व भगवान शिव के दर्शन को दोस्तों के साथ आया था कमलेश:** जानकारी अनुसार बालाघाट जिले की किरनापुर तहसील के ग्राम सेवती निवासी कमलेश पिता जयचंद मिसारे 23 वर्ष अपने दो दोस्तों प्रकाश उरकुडे व निलेश बागडे के साथ शनिवार की दोपहर में ग्राम पंचायत रमरमा के ग्राम पेंदीटोला की पहाडियों पर स्थित भगवान शिव के मंदिर के निकट से बहने वाले प्राकृतिक झरने को देखने व घूमने के लिए आया हुआ था। जहाँ पर वह अपने दोस्तों के साथ पहाडियों से बहने वाले प्राकृतिक झरने का आनंद उठा रहा था।

**झरने में नहाने के दौरान गहरे पानी में जाने से डूबा:** इसी दौरान जब सभी दोस्तों ने लोगों को झरने के नीचे नहाते हुए देखा, तो वह तीनों भी झरने में नहाने के लिए उतर गए। जब तीनों दोस्त झरने के नीचे नहा रहे थे, तभी अचानक कमलेश मिसारे झरने के नीचे गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसे डूबते हुए देखकर उसके दोस्तों ने मदद के लिए आवाज लगाई, लेकिन झरने के किनारे में बैठे हुए कोई भी लोग उनकी मदद के लिए आगे नहीं आया और फिर देखते ही देखते कमलेश झरने की गहराईयों में डूब गया।





**पुलिस ने तैराकों की मदद से निकाला:** इस घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस थाना वारासिवनी की डायल 100 को देने पर पुलिस बल घटना स्थल पर पहुँचा। जहाँ पर उसने तैराकों की मदद से कमलेश की खोज झरने के नीचे की और फिर उसके शव को झरने के नीचे से बाहर निकाला गया। उसके बाद पुलिस बल ने पंचनामा कार्यवाही शव को शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी में लाया गया। जहाँ पर शाम होने के कारण शव का पोस्टमार्टम रविवार को किया जायेगा।

**हैदराबाद से वापस परहा लगाने घर आया था मृतक:** बताया जाता हैं कि मृतक कमलेश ग्राम सेवती किरनापुर का रहने वाला हैं और हैदराबाद में कमाने खाने के लिए जाता रहता हैं। कुछ दिनों पहले ही उसके परिजनों ने उसे परहा लगाने के लिए हैदराबाद से वापस बुलवाया था और वह घर लौटा था। लेकिन रमरमा का झरना देखने के लिए आना उसकी जिंदगी का अंतिम दिन बन गया। फिलहाल पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जाँच की जा रही हैं।

## मोवाड के अंतर्राज्यीय पुलिया के किनारे हुए गड्ढे से आवाजाही में परेशानी, सुधार की मांग

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



खैरलाजी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मोवाड में बावनथडी नदि पर बने हुए अंतर्ज्यीय पुलिया के पहले छोर पर गड्ढा निर्मित हो गया है जिसका कंक्रीट उखड कर लोहे की सरिया बाहर निकल गई जिसकी वजह से दुर्घटना होने की संभावनाए निर्मित होती है । गड्ढे के कारण आवागमन प्रभावित होता । सुधार कार्य की मांग की गई है।पूर्व जनपद सभापति सरोज मेश्राम ने बताया की अंतर्राज्यीय पुलिया के पहले छोर के किनारे में कांक्रीट उखड कर गड्ढा हो गया है जिसकी लोहे की सरिया बाहर निकल गई है ।यह गड्ढा अनेक माह पूर्व से निर्मित हुआ है। निर्मित हुए गड्ढे की वजह से दो पहिया वहान चालक कभी कभी गिर जाते है और दुर्घटना होने की संभावना बनती है । गड्ढे से आने जाने वाले वहान चालको को आवागमन में परेशानी होती है। सरोज मेश्राम ने बताया की यह अंतरराज्यीय पुलिया है जो दो राज्य की सीमा पर बना हुआ है ।आए दिन पुलिया के ऊपर से चार पहिया और दो पहिया वाहन सहित मुसाफिर अपने गंतव्य की ओर सफर तय करते है। लेकिन मोवाड में पुलिया के शुरुआत में पहले छोर पर गड्ढा निर्मित हुआ है जिससे आवाजाही में परेशानी होती है। सुधार करने की मांग की गई। ताकि वाहन चालको व राहगीरो को सुहलित हो सके ।

## किसानों से 31 जुलाई तक खरीफ फसलों का बीमा करा लेने की अपील

**बालाघाट।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत खरीफ वर्ष 2025 में अधिसूचित फसलों का बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा बालाघाट जिले के सभी किसानों से शेष बचे दिनों में फसलों का बीमा करा लेने की अपील की गई है।

उप संचालक कृषि फूलसिंह मालवीय ने बताया कि बालाघाट जिले में खरीफ 2025 में धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, उड़द, कोदो-कुटकी, अरहर, तिल फसल अधिसूचित है। धान सिंचित की प्रीमियम राशि 814 रूपये, धान असिचिंत 575 रूपये, मक्का 590 रूपये, उड़द 525 रूपये, कोदो-कुटकी 246 रूपये, अरहर 649 रूपये एवं तिल 422 रूपये प्रति हेक्टेयर है। उन्होंने बताया कि ऋणी कृषकों का बीमा केसीसी खाते से ही किया जावेगा। वहीं अऋणी कृषक बैंकों के द्वारा या कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी सेंटर) के माध्यम से या जिले की संबंधित बीमा कंपनी के ब्लाक प्रतिनिधि से संपर्क कर बीमा करा सकते है।

अऋणी कृषकों को बीमा कराने के लिए आधार कार्ड की प्रति, पूर्णतः भरा फार्म, नवीनतम खसरा खतौनी आदि की प्रतिलिपि, स्वयं द्वारा जारी बुवाई प्रमाण-पत्र, किरायेदार (बटाईदार) किसानों के लिए लागू अनुबंध अथवा समझौते के शपथ पत्र की प्रति, आईएफएससी नम्बर और बैंक खाता संख्या या रद्द किये गये बैंक या बैंक पासबुक की प्रति की आवश्यक दस्तावेज है।

### बिरसा जनपद उपाध्यक्ष हेमन्त साहू ने माध्यमिक शाला खुरसीपार का किया आकस्मिक निरीक्षण

## स्कूल में कार्यभार ग्रहण करने के बाद से लगातार अनुपस्थित चल रहे हैं शिक्षक नरेश मेरावी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





बालाघाट जिले के दूरस्थ अंचल में स्थित स्कूल एकीकृत माध्यमिक शाला खुर्सीपार विकासखंड बिरसा में उपाध्यक्ष हेमंत साहू को आकस्मिक निरीक्षण के दौरान एक अजीब वाक्या देखने को मिला है।स्कूल निरीक्षण के दौरान शिक्षक उपस्थिति पंजी देखने पर पता चला कि माध्यमिक शिक्षक नरेश मेरावी शाला में बिना किसी सूचना के लगातार अनुपस्थित चल रहे हैं।शिक्षक मेरावी के द्वारा कार्यालय कलेक्टर जनजातीय कार्य विभाग जिला बालाघाट के आदेश का खुला उल्लंघन किया जा रहा है।कार्यभार ग्रहण के बाद से आज दिनांक तक स्कूल में अपनी उपस्थिति नहीं दी गई है।ज्ञात हो कि सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा अभी हाल ही में स्थानांतरण नीति लागू की गई थी।जिसके तहत स्थानांतरण प्रक्रिया पूरी हुई है।इसी क्रम में शिक्षक नरेश मेरावी का प्रशासनिक आधार पर शासकीय मा.शा.बोदा विकासखंड परसवाड़ा से स्थानान्तरण शासकीय मा.शा.खुर्सीपार विकासखंड बिरसा में हुआ।शिक्षक नरेश मेरावी को कार्यालय प्राचार्य पी.एम.श्री शासकीय हाईस्कूल बोदा से 24 जून को कार्यमुक्त कर दिया गया था।शिक्षक के द्वारा 27 जून को कार्यालय संकुल प्राचार्य शा.उ.मा.वि. दमोह विकासखंड बिरसा में कार्यभार ग्रहण किया गया।लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि शिक्षक के द्वारा संबंधित स्कूल में अपनी उपस्थिति उक्त दिनांक को नहीं दी गई।शिक्षक के द्वारा दो हफ्ते बाद लगभग 1 घंटे 30 मिनिट के लिए 15 जुलाई को शाला में अपनी उपस्थिति दी गई। स्कूल में बताया गया कि उस दिन शिक्षक नरेश मेरावी नशे की हालात में धुत होकर स्कूल आया था।उस दिन उनके द्वारा कोई शैक्षणिक कार्य नहीं किया गया।नशे में मदमस्त शिक्षक थोड़ी देर रुकने के बाद स्कूल से चला गया जो आज दिनांक तक शाला में उपस्थित नहीं हुआ।उनसे फोन पर संपर्क करने पर कॉल रिसीव नहीं किया गया।शिक्षक बिना किसी सूचना के शाला से नदारद हैं।उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने बच्चों से नए शिक्षक के बारे में पूछा तो बच्चों ने बताया कि उन्होंने नए शिक्षक को देखे ही नहीं हैं। शिक्षक मेरावी का इस प्रकार अपने कर्तव्य से विमुख होना सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का उल्लंघन है। उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने मांग की है कि इस प्रकार अपने कर्तव्य पद के प्रति घोर लापरवाही बरतने वाले शिक्षक के खिलाफ ठोस अनुशासनात्मक कार्यवाही होनी चाहिए। उपाध्यक्ष के द्वारा कक्षा 7वीं और 8वीं के बच्चों से शैक्षणिक संवाद किया गया। पाठ्य पुस्तक का वाचन करवाया गया।बच्चें पढ़ाई में कमजोर नजर आए।उन्होंने बच्चों से रोज शाला दिवस में स्कूल आने के लिए आग्रह किया। शाला में कुल दर्ज संख्या 91 हैं। आज की उपस्थिति 70 रही। नवीन भवन स्वीकृत है। जिसकी ढलाई भी हो चुकी है।लेकिन बाकी काम रुका हुआ है। शाला में 04 नियमित शिक्षक व 01 अतिथि शिक्षक पदस्थ हैं।मध्यान्ह भोजन मेनू के अनुसार दिया गया था।

## सर्पदंश से बचाव और उपचार के जनजागृति के लिए बोरी एवं पनबिहरी में कार्यक्रम आयोजित

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के निर्देश पर राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर सर्पदंश से बचाव एवं उपचार के प्रति जन जागरूकता के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 19 जुलाई को लालबर्रा तहसील के अंतर्गत ग्राम बोरी के शासकीय हाई स्कूल एवं ग्राम पनबिहारी के ग्राम पंचायत भवन में जिला सेनानी होमगार्ड श्रीमती रजनी खटीक के मार्गदर्शन में तथा तहसीलदार मयंक मिश्रा, पटवारी प्रज्ञा चेतगुरू, सरपंच मंजु बारमाटे स्वास्थ विभाग से के. अजीत, प्राचार्य मधुकर सिहोरे एवं पनबिहारी में आर. आई. अशोक उइके, पटवारी नीलेश मोहारे, उप सरपंच मुकेश देशमुख, आंगनवाडी कार्यकर्ता, प्राचार्य निर्मला अंगारे की उपस्थिति में सर्पदंश से होने वाली घटना एवं घटना में सावधानियाँ, लक्षण, आपातकालीन नम्बर एवं पीडित व्यक्ति को अस्पताल ले जाने के उपाय के संबंध में जानकारी दी गई।

## मलाजखंड में चलाया नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज मलाजखंड।



पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा दिए गए निर्देशानुसार नशामुक्ति जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम की रूपरेखा अनुसार 19 जुलाई को थाना मलाजखंड क्षेत्रांतर्गत बस स्टैंड मलाजखंड में एएसआई सुलेखा मरकाम, प्रधान आर 161 रतन सोनवाने, ऋषिका एवं जागरूक नागरिकगण फिरोज खान, मोहमद जिलानी, चुनमुन किशोर, संतोष साहू,की उपस्थिति मे लोगों को नशे के दुष्प्रभाव से बचने हेतु समझाइश दी गई। उपस्थित लोगों को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने के संबंध में जागरूक किया गया। वहीं थाना क्षेत्र में जाकर लोगों को नशे से दूर रहने हेतु जागरूक किया गया, नशा मुक्ति से संबंधित पेंपलेट का वितरण किया गया ।

### कार्यालय में नहीं होने के बाद भी कार्यालय में होना बता रहे थे डीपीसी

## कलेक्टर ने किया डीपीसी, उद्यान, उद्योग एवं लोक निर्माण विभाग कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण

### अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



कलेक्टर श्री मृणाल मीणा ने 18 जुलाई को जिला मुख्यालय बालाघाट स्थित सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय, सहायक संचालक उद्यान कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र तथा कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये गए है।

**डीपीसी कार्यालय के 06 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गए :** कलेक्टर श्री मीणा 18 जुलाई को अचानक सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय पहुंचे तो वहां पर भारी अव्यवस्थाएँ पायी गई। जिला परियोजना समन्वयक जीपी बर्मन कार्यालय में उपस्थित नहीं थे लेकिन उनके टेबल पर कम्प्युटर में ई-ऑफिस का लागिन खुला हुआ था। कलेक्टर श्री मीणा ने परियोजना समन्वयक श्री बर्मन को फोन लगाकर पूछा कि वे इस समय कहां पर है। इस पर श्री बर्मन ने जवाब दिया कि मैं कार्यालय में उपस्थित हूँ। जबकि वे कार्यालय में उपस्थित नहीं थे और जब कलेक्टर श्री मीणा कार्यालय का निरीक्षण कर जाने लगे तब वे कार्यालय पहुंचे थे। कार्यालय के निरीक्षण के दौरान सहायक परियोजना समन्वयक विवेक गुप्ता, योगेश बिसेन, श्रीश थानथराटे, दिनेश गौतम, सहायक ग्रेड-3 आकाश वल्के, एमआईएस प्रोग्रामर भाकचंद पारधी एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर दीपक सौरकुड़े अनुपस्थित पाए गए।

**डीपीसी द्वारा पाठ्य पुस्तक वितरण की गलत जानकारी दी गई, कार्यालय में रखी थी पुस्तके :** डीपीसी कार्यालय के निरीक्षण में पाया गया कि छात्र छात्राओं को निःशुल्क वितरण के लिए आयी पाठ्यपुस्तके बहुत अधिक संख्या में रखी पायी गई। 17 जुलाई को कलेक्टर द्वारा शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान परियोजना समन्वयक श्री बर्मन द्वारा बताया गया था कि स्कूलों में 100 प्रतिशत पाठ्यपुस्तकों का वितरण कर दिया गया है और पोर्टल पर एंट्री करना शेष है। इससे समझ आया कि परियोजना समन्वयक श्री बर्मन द्वारा बैठकों में पाठ्य पुस्तक वितरण संबंधी झूठी एवं भ्रामक जानकारी दी जा रही थी। परियोजना समन्वयक का कार्यालय अस्त–व्यस्त पाया गया और साफ-सफाई की व्यवस्था पर्याप्त नहीं थी। कलेक्टर श्री मीणा ने इस स्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यालय में रखी पाठ्य पुस्तकों का शीघ्र वितरण एवं पोर्टल पर एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कार्यालय की साफ-सफाई एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।

सहायक संचालक उद्यान विभाग कार्यालय के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सहायक संचालक श्री क्षितिज कराड़े वीडियों कान्फ्रेंस गये हुए है। कार्यालय के ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी सीपी नारनौरे, जितेंद्र वनवासी एवं संध्या इनवाती अनुपस्थित पाये गए। कार्यालय में नर्सरी श्रमिक एवं ऑपरेटर उपस्थित पाये गए। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री श्री अड़मे उपस्थित नहीं पाये गए एवं कार्यालय में भारी अव्यवस्थाएँ पायी गई।

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि प्रबंधक श्री गजभिये द्वारा उपस्थिति पंजी पर हस्ताक्षर नहीं किये गए है। महाप्रबंधक श्रीमती प्रीति मर्सकोले सहित कार्यालय की कर्मचारी वीणा चौहान और रागिनी ठाकुर अनुपस्थित पाए गए। कार्यालय के एक कक्ष में कबाड़ रखा हुआ पाया गया और साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नहीं पायी गई। कलेक्टर श्री मीणा ने इस दौरान निर्देशित किया कि प्रबंधक श्री गजभिये उपस्थिति पंजी में नियमित रूप से हस्ताक्षर करे। कार्यालय के निवेश प्रोत्साहन कक्ष को व्यवस्थित व सुसज्जित बनाने के निर्देश दिये गए। महाप्रबंधक श्रीमती प्रीति मर्सकोले को निवेशकों के लंबित प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करने एवं उद्योग निवेश क्षेत्र के संबंध में त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए।

### चंदपुरी में महिलाओं के साथ खार खोदने से लेकर रोपा लगाने का कार्य भी किया

## कृषि विस्तार अधिकारी आंचल खोब्रागड़े किसानों के साथ रोपा लगाकर कर रही उत्साहवर्धन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिले के लालबर्रा विकासखंड के अंतर्गत बिरसोला सेक्टर में नवपदस्थ कृषि विस्तार अधिकारी आंचल खोब्रागड़े अपने कार्यों से किसानों के बीच लोकप्रिय होते जा रही है। लगभग दो माह पूर्व ही शासकीय सेवा में आने वाली आंचल ने अल्प समय में ही किसानों का विश्वास हासिल कर लिया है। कृषि विभाग की ओर से किसानों को रागी, अरहर के बीज मिनीकिट वितरण करना हो या कीटनाशक दवाओं का वितरण करना हो, आंचल ने पूरी जिम्मेदारी के साथ स्थानीय सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में उनका वितरण कराया है। इतना ही नहीं वह अपने क्षेत्र के ग्रामों का भ्रमण करकिसानों के सतत सम्पर्क में रहकर उन्हें जरूरी सलाह और मार्गदर्शन भी दे रही है। अब आंचल इससे भी आगे बढ़कर किसानों के खेत में महिलाओं के साथ खार खोदकर और धान का रोपा लगाकर उनका उत्साहवर्धन भी कर रही है। युवा कृषि विस्तार अधिकारी आंचल की यह पहल सराहनीय है और अन्य युवा अधिकारियों के लिए अनुकरणीय है।

18 जुलाई 2025 को कृषि विस्तार अधिकारी आंचल खोबरागड़े द्वारा अनोखी पहल करते हुए ग्राम चंदपुरी में कृषक एवं पूर्व सरपंच धनराज पटले के खेत में महिलाओं के साथ खार खोदी गई और पेंडी भी फेकी गई । इसके बाद उसने महिलाओं के साथ धान का रोपा-परहा भी लगाया और रोपा लगाने की तकनीक भी बताई। आंचल ने महिलाओं को बताया कि पौधों के बीच में एक निश्चित दूरी रखना है और एक स्थान पर एक ही पौधा लगाना है। इसके पूर्व आंचल ने ग्राम गोंडेगांव में भी एक किसान के खेत में परहा लगाया गया था । आंचल की इस पहल से कृषकों और महिलाओं का उत्साह वर्धन हो और उन्हें नई सीख मिल रही है।

आंचल खोबरागड़े ने बताया गया कि उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय के दिशा निर्देशानुसार एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में किया गया कार्य हमारे लिए प्रेरणादायक है । चंदपुरी में जिन किसानों एवं महिलाओं के साथ खार खोदी गई है उनमें पूर्व सरपंच धनराज पटले, नीलकंठ पटले, विजय पटले, दिनेश पटले, लिखंन परते, संतोष, अशोक, दुर्गा पटले, सलोनी पटले, खेलनबाई पटले, भागन बाई पटले, तुरसन बाई बिसेन, बसंता बाई मेश्राम, सरगम बिसेन, गंगेश्वरी बोपचे, मौसम बोपचे, गीता मेश्राम, दुर्गा मेश्राम उपस्थित रहे। इस दौरान किसानों को कषि यंत्र खरीदने और सभी किसानों को राष्ट्रीय पोषण उद्यानिकी मिशन में पंजीयन कराने की सलाह दी गई और किसानों को नेचुरल फार्मिंग के लिए प्रेरित किया गया।

## अब तक 627 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड

**बालाघाट।** चालू वर्षा सत्र के दौरान बालाघाट जिले में 01 जून से 19 जुलाई 2025 तक 627 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 316 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी।

